दिन– मंगलवार दिनांक– 08 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। कल शाम तक दो करोड़ अट्ठासी लाख से अधिक गणना प्रपत्र प्राप्त हुए हैं।

02 रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बिहार के लिए चार नये अमृत भारत ट्रेन के परिचालन की घोषणा की।

03. राज्य के साढ़े छह लाख से अधिक स्थायी और संविदाकर्मियों को वेतन खाते पर मिलेगा निःशुल्क व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा का लाभ।

04. और, कटिहार में स्थिति शांतिपूर्ण। जिला प्रशासन ने इंटरनेट सेवा भी बहाल की।

---

प्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, एसआईआर निर्वाचन आयोग के चौबीस जून के आदेश के अनुसार सफलता पूर्वक चल रहा है। लगभग दो करोड़ अट्ठासी लाख गणना प्रपत्र जमा किये गये है। आयोग के निर्देशों के अनुसार आगामी एक अगस्त को प्रकाशित होने वाली प्रारूप मतदाता सूची में उन्हीं व्यक्तियों के नाम शामिल होंगे, जिनके गणना प्रपत्र पच्चीस जुलाई तक प्राप्त होंगे। इस अभियान को मतदाताओं के सक्रिय सहयोग से ज़मीनी स्तर पर पूरी गति के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। निर्वाचन आयोग की जारी विज्ञप्ति के अनुसार कल शाम तक लगभग दो करोड़ अट्ठासी लाख से अधिक गणना प्रपत्र प्राप्त हुए हैं, जो कुल सात करोड़ नब्बे लाख नामांकित मतदाताओं का छत्तीस दशमलव चार सात प्रतिशत है। पिछले चौबीस घंटों में ही एक करोड़ अठारह लाख से अधिक फॉर्म एकत्र किए गए हैं। फॉर्मों की ऑनलाइन अपलोडिंग प्रक्रिया भी तेज़ी से जारी है मतदाता स्वयं भी फॉर्म अपलोड कर सकते हैं।

विज्ञप्ति के अनुसार लगभग अठहत्तर हजार बीएलओ घर–घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर फॉर्म भरवा रहे हैं। इसके अतिरिक्त बीस हजार से अधिक नए बीएलओ भी प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने हेतु तैनात किए जा रहे हैं। इस कार्य में लगभग चार लाख स्वयंसेवक वृद्ध, दिव्यांग और बीमार मतदाताओं की सहायता के लिए सक्रिय हैं। प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यरत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी– ईआरओ, नौ सौ तिरेसठ सहायक ईआरओ, अड़तीस जिला निर्वाचन

पदाधिकारी और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी इस अभियान की निगरानी और समन्वय में भूमिका निभा रहे हैं। इसके साथ–साथ, एक लाख चौवन हजार से अधिक बूथ लेवल एजेंट्स बीएलए भी एसआईआर प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।

---

बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने पटना के शहरी क्षेत्रों में कल मतदाता पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा की। उन्होंने पटना के जिलाधिकारी के अलावा पटना नगर निगम के आयुक्त और अन्य शहरी निकायों के पदाधिकारी को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में तेजी लाने को कहा।

---

प्रदेश में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एस.आई.आर. को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाओं पर दस जुलाई को सुनवाई होगी। न्यायाधीश सुधांशु धूलिया और जे. बाग्ची की खंडपीठ ने राज्य में मतदाता सूची को संशोधित करने के चुनाव आयोग के निर्णय के विरूद्ध दायर याचिकाओं की सुनवाई के लिए सहमति दी। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के तरीके और समय को लेकर आयोग के कदम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है।

---

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्य के विभिन्न भागों से चार नये अमृत भारत ट्रेन के परिचालन की घोषणा की है। समस्तीपुर के कर्पूरी ग्राम रेलवे स्टेशन के पास संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि इन ट्रेनों का परिचालन पटना से दिल्ली, दरभंगा से लखनऊ, मालदा से लखनऊ और सहरसा से अमृतसर के बीच किया जायेगा। उन्होंने जोगबनी से दक्षिण भारत के इरोड के लिए भी नये ट्रेन के परिचालन की घोषणा की। श्री वैष्णव ने बताया कि भागलपुर–जमालपुर तीसरी रेललाईन, बख्तियारपुर–राजगीर–तिलैया रेललाइन के दोहरीकरण और रामपुर–भागलपुर रेललाइन के दोहरीकरण कार्य की जल्द ही मंजूरी दी जायेगी। रेल मंत्री ने कहा कि पटना और दरभंगा में दो नये सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क खोले जायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे भारत के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। श्री वैष्णव ने कहा कि बिहार को दूसरे राज्यों की तुलना में वंदे भारत और नमो भारत एक्सप्रेस ट्रेन का अधिक आवंटन किया गया है।

———बाइट———

इससे पहले रेलमंत्री ने कर्पूरी ग्राम रेलवे स्टेशन पर विकसित की गई विभिन्न यात्री सुविधाओं का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने सत्रह करोड़ रूपये की लागत से

कर्पूरी ग्राम स्टेशन के उन्नयन कार्य और समपार फाटक के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने नौ राष्ट्रीयकृत बैंकों से वेतन और अन्य सुविधाओं के लिए समझौता किया है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की उपस्थिति में वित्त विभाग के प्रधान सचिव आनंद किशोर और बैंकों के प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किये। समझौता के अनुसार राज्य सरकार के साढे छह लाख से अधिक स्थायी और संविदाकर्मियों के वेतन खातों पर निःशुल्क व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर चालीस लाख रूपये से एक करोड़ रूपये तक मिलेगा। यदि दुर्घटना हवाई यात्रा के दौरान होती है तो, यह राशि बढ़कर एक करोड़ से एक करोड़ साठ लाख रूपये तक हो सकती है। इधर, उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि विकसित बिहार बनाने के लिए बैंकों का पूरा सहयोग अपेक्षित है। पटना में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पहले राज्य का साख जमा अनुपात तीस प्रतिशत होता था, जो अब बढ़कर लगभग साठ प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि यह सब बैंकों के सहयोग के कारण सम्भव हो सका है।

———————————————————————————

श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा है कि दस से पन्द्रह जुलाई तक पटना में मेगा रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसका आयोजन दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान परिसर में किया जायेगा। मंत्री ने कहा कि मेले के आयोजन से योग्य युवाओं को उनके कौशल के अनुसार रोजगार के बेहतर मौके उपलब्ध हो सकेंगे।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अठारह जुलाई को मोतिहारी में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि श्री मोदी समारोह को संबोधित करते हुये बिहार के लिए विशेष पैकेज की घोषणा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे।

———बाइट———

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अर्जेंटीना के उपराष्ट्रपति को उपहार के रूप में मधुबनी चित्रकला की कलाकृति भेंट की गयी है। यह पेंटिंग सूर्य को दर्शाता है, जो ऊर्जा और जीवन का प्रतीक है, जिसके चारों ओर विस्तृत पुष्प बॉर्डर और मोटिफ्स हैं

जो हर स्थान को भरते हैं। प्रधानमंत्री की इस पहल से मधुबनी पेंटिंग का गौरव बढ़ा है।

---

आगामी जनगणना के दौरान स्व–गणना के लिए एक समर्पित वेब पोर्टल उपलब्ध होगा। यह पोर्टल जनगणना–दो हजार सत्ताईस के दोनों चरणों के लिए उपलब्ध होगा। सोशल मीडिया पोस्ट में भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त ने कहा कि यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी। डेटा अंग्रेजी, हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं में मोबाइल ऐप का उपयोग करके एकत्र किया जाएगा। प्रगणक और पर्यवेक्षक डेटा संग्रह के लिए अपने मोबाइल उपकरणों का उपयोग करेंगे।

---

कटिहार में सांप्रदायिक तनाव के बाद उत्पन्न स्थिति में अब से सुधार हो रहा है। स्थिति को नियंत्रण में देखते हुये प्रशासन ने इंटरनेट सेवा को फिर से बहाल कर दिया है। जिलाधिकारी मनेष कुमार मीणा और पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के निर्देश पर नगर थाने में दो प्राथमिक की दर्ज की गई है। वहीं, घटना के बाद लगातार जिला प्रशासन की ओर से शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है।

---

पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा है कि डायल एक सौ बारह की शुरूआत के बाद दंगा–फसाद के मामलों में उनासी प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने डायल एक सौ बारह की शुरूआत की तीसरी वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में कहा कि दो हजार बाईस से पहले हर साल चौदह हजार दंगा–फसाद के मामले दर्ज होते थे। यह संख्या घटकर अब तीन हजार के करीब पहुंच गयी है। डीजीपी ने कहा कि डायल एक सौ बारह केवल एक सेवा नहीं, बल्कि लोगों की सुरक्षा को लेकर पुलिस की प्रतिबद्धता भी है। उन्होंने इस सेवा से जुड़े दस पुलिसकर्मियों को सम्मानित भी किया।

---

प्रदेश के इक्यासी हजार सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से बारह तक के दो करोड़ से अधिक छात्र–छात्राओं की प्रारंभिक स्वाथ्य जांच शिक्षक करेंगे। इसके लिए प्रत्येक विद्यालय के दो–दो शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जायेगा। शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त कार्ययोजना के तहत यह निर्णय लिया गया है। प्रारंभिक जांच के अलावा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत प्रत्येक प्रखंड में स्वास्थ्यकर्मियों की टीम स्कूली बच्चों की सम्पूर्ण स्वास्थ्य जांच करेगी। बच्चों की जांच रिपोर्ट शिक्षा विभाग के ई–शिक्षा कोष पोर्टल पर भी अपलोड किया जायेगा।

---

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने कहा है कि प्रदेश में छात्र शिक्षक अनुपात राष्ट्रीय औसत से भी बेहतर हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में तीन लाख से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति होने के कारण यह सुधार हुआ है। श्री सिद्धार्थ ने कहा कि राष्ट्रीय अनुपात निचली कक्षाओं में चालीस और उच्च कक्षाओं में तीस छात्रों पर एक शिक्षक हैं, जबकि बिहार में अट्ठाईस छात्रों पर एक शिक्षक नियुक्त हैं।

---

कश्मीर घाटी में अमरनाथ यात्रा के लिए आज सुबह सात हजार पांच सौ इकतालीस तीर्थयात्रियों का सातंवा जत्था, जम्मू में भगवती नगर यात्री –निवास आधार शिविर से रवाना हुआ। तीन सौ नौ वाहनों में सवार होकर यह जत्था आधार शिविर से रवाना हुआ।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने एएनएम बहाली पर लिखा है– राज्य में चयनित सात हजार चार सौ अड़सठ एएनएम को मिला नियुक्ति पत्र।

दैनिक जागरण ने एसआईआर को तरजीह देते हुये लिखा है– ऑनलाईन मतदाता सूची के लिए आवेदन करना आसान।

दैनिक भास्कर ने चुनाव आयोग से विपक्ष की मांगों पर लिखा है– बिहार में मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम तुरंत रोके।

प्रभात खबर की सुर्खी है– गोपाल खेमका को गोली मारने वाला पटना सिटी से गिरफ्तार।

राष्ट्रीय सहारा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के हवाले से लिखा है– जस्टिस के आवास पर बड़ी मात्रा में नकदी मिलना आपराधिक कृत।

आज अखबार की सुर्खी है– बिहारवासियों को चार अमृत भारत ट्रेनों की सौगात।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। कल शाम तक दो करोड़ अट्ठासी लाख से अधिक गणना प्रपत्र प्राप्त हुए हैं।

02 रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बिहार के लिए चार नये अमृत भारत ट्रेन के परिचालन की घोषणा की।

03. राज्य के साढ़े छह लाख से अधिक स्थायी और संविदाकर्मियों को वेतन खाते पर मिलेगा निःशुल्क व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा का लाभ।

04. और, कटिहार में स्थिति शांतिपूर्ण। जिला प्रशासन ने इंटरनेट सेवा भी बहाल की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।